संचिका संख्या–01/स्था०राज०–374/2025– 1980.
बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

**वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 22 दिसम्बर, 2025

विषय :– **श्री संदीप कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर के दिनांक–08.09.2025 से 09.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 क्रमांक–106 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री संदीप कुमार की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। जिसके आलोक में श्री संदीप ने पूर्वपद सहायक निदेशक (शष्य) जिला कृषि कार्यालय, पटना के पद का प्रभार दिनांक–08.09.2025 अपराह्न में स्वतः प्रभार मुक्त होते हुए जिसका प्रभार रिपोर्ट जिला कृषि पदाधिकारी गयाजी के ज्ञापांक–1879 दिनांक–08.09.2025 से निर्गत हुआ। श्री संदीप कुमार ने दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 क्रमांक–11 द्वारा श्री संदीप कुमार को सहायक निदेशक ईख विकास, भागलपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री संदीप कुमार के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर का प्रभार दिनांक–10.10.2025 पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया। प्रभार रिपोर्ट सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर के ज्ञापांक–134 दिनांक–10.10.2025 से निर्गत हुआ।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री संदीप कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर का दिनांक–09.09.2025 से 06.10.2025 तक पदस्थापन की अनिवार्य प्रतिक्षा के रूप में, दिनांक–07.10.2025 पारगमन काल के रूप में एवं 08.10.2025 से 09.10.2025 तक देय उपार्जित अवकाश के रूप मे सेवा विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

22/12/25

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज–374/2025–** 1980. **/पटना, दिनांक–**22 **दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार बिहार वीरचन्दपटेल पथ, पटना/कोषागार पदाधिकारी, भागलपुरा उपसचिव, कृषि विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/12/25

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज–374/2025–** 1980. **/पटना, दिनांक–**22. **दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि– श्री संदीप कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/12/25

**अवर सचिव।**



Rajesh Ji Letter